जय-तिथि-पत्रक

श्री वीर-निर्वाण संवत्
२५४३-२५४४
विक्रम संवत् २०७४

तेरापंथ संवत्
२५७-२५८
ईस्वी सन् २०१७-२०१८

सम्पादक : मंत्रीमुनि सुमेरमल

जैन विश्व भारती
लाडनूं - 341306 (राजस्थान)
दूरभाष : 01581-226025, 224671, 226080, फैक्स : 01581-227280
E-mail : jainvishvabharati@yahoo.com, Visit us at : www.jvbharati.org

अहिंसा यात्रा
सद्भावना • नैतिकता • नशामुक्ति

₹20

जैन विश्व भारती

मानवीय मूल्यों को समर्पित संस्था

प्रमुख गतिविधियां : एक नजर

शिक्षा :

- जैन विश्व भारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय)
- विमल विद्या विहार सीनियर सैकण्डरी स्कूल
- महाप्रज्ञ इंटरनेशनल स्कूल, टमकोर
- महाप्रज्ञ इंटरनेशनल स्कूल, जयपुर
- समण संस्कृति संकाय
- केन्द्रीय जीवन विज्ञान अकादमी

सेवा :

- सेवाभावी आयुर्वेदिक रसायनशाला
- श्रीमद् आचार्य तुलसी महाप्रज्ञ मानव कल्याण केन्द्र, बीदासर
- स्व. माणकचन्द मनोहरी देवी दूगड़ आयुर्वेद चिकित्सालय, बीदासर
- विद्युत चुम्बकीय चिकित्सा केन्द्र
- समणी केन्द्र व्यवस्था

साहित्य :

- प्रकाशन एवं वितरण
- आगम मंथन प्रतियोगिता
- इतिहास मंथन प्रतियोगिता

संस्कृति :

- तुलसी कला दीर्घा (आर्ट गैलेरी)

शोध :

- आगम सम्पादन
- हस्तलिखित एवं पाण्डुलिपियों की सुरक्षा एवं संरक्षण

समन्वय :

- पुरस्कार एवं सम्मान
- विदेशों में प्रचार–प्रसार

साधना :

- प्रेक्षाध्यान
- प्रेक्षाध्यान पत्रिका

उक्त सभी गतिविधियों में संपूर्ण समाज की सहभागिता एवं सहयोग हेतु सादर निवेदन

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें

जैन विश्व भारती

पोस्ट : लाडनूं–341306, जिला : नागौर (राज.) फोन : 01581–226080 I 224671

E-mail : jainvishvabharati@yahoo.com, Visit us at : www.jvbharati.org

आशीर्वचन

जैन विश्व भारती के परिसर का कण-कण जप-तप से भावित है। भिक्षु विहार में अनवरत जप-तप की तरंगें प्रवाहित होती रहती है। प्रज्ञालोक में अध्यात्म चिंतन और ध्यान के विकिरण सतत संचरित रहते हैं। तुलसी अध्यात्म नीडम् का वायब्रेशन उस समूचे भाग को प्रभावित करता है। आगम, शोध व सम्पादन के क्रम में आगमों के पाठ का पारायण होता रहता है। मुझे तो लगता है कि यहां अध्यात्म का वातावरण है, इसलिए यहां आने वाले अत्यधिक प्रसन्नता का अनुभव करते हैं। मेरा एक सुझाव है कि यहां आने वाले ध्याता बनकर आएं और ध्येय के प्रति समर्पित रहें। ऐसा होने पर प्रसन्नता और पवित्रता हर पल आपकी परिक्रमा करती रहेगी।

- आचार्य तुलसी

जैन विश्व भारती और जैन विश्व भारती संस्थान जैन विद्या के विश्व प्रसिद्ध केन्द्र हैं। जैन विश्व भारती के पास ज्ञान की विशाल राशि है। इसकी मिट्टी में सात सकारों के बीज हैं। आचार्यश्री तुलसी का तप तेजस्वी सूर्य है, जो इसकी उर्वरा को बढ़ाएगा। ज्ञान का स्रोत है, दर्शन का संरक्षण है, चरित्र की हवा है। जिससे यह बगीचा प्राच्य विद्याओं के फूलों की सुगंध को, सुवास को क्षितिज पर फैलाएगा। उस सुवास और सौरभ से विश्व मानस प्रभावित हो, जीवन बोध पाएगा।

- आचार्य महाप्रज्ञ

जैन विश्व भारती एक गौरवशाली संस्था है। उसके द्वारा जैन विद्या, शिक्षा, साहित्य, प्रेक्षाध्यान, जीवन विज्ञान जैसी विभिन्न महत्त्वपूर्ण गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। परमपूज्य गुरुदेव तुलसी और परमपूज्य आचार्य महाप्रज्ञजी का महनीय मार्गदर्शन इस संस्था को प्राप्त हुआ। जैन विश्व भारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) उसके साथ जुड़ा हुआ है। लाडनूं स्थित जैन विश्व भारती परिसर मुनिवृंद, समणीवृंद और मुमुक्षुवृंद का भी आवास स्थल बना हुआ है। तेरापंथ समाज मानों इस माने भी भाग्यशाली है कि उसके पास इतनी बड़ी संस्था है। यह संस्था आध्यात्मिक आरोहण करती रहे तथा समाज को आध्यात्मिक पोषण देती रहे। शुभाशंसा।

- आचार्य महाश्रमण

With Best Compliments from

किसका है? यह मत देखो।
क्या है? इस पर ध्यान दो।
अच्छा विचार व अच्छी कृति, फिर वह किसी की
भी क्यों न हो, स्वीकार कर लो।

-आचार्य महाश्रमण

श्रद्धावनत

भीखमचंद जीतमल चोरड़िया

बीदासर

J.M. Jain

Cloth Merchant & Commission Agents

2285/9, Gali Hinga Beg, Tailak Bazar, Delhi-110006

With Best Compliments from

दूसरी कीमती चीजें यदि खो जाए तो उन्हें दुबारा प्राप्त किया जा सकता है,
किन्तु समय एक ऐसी चीज है, जिसे खोने के बाद दुबारा कभी नहीं पाया जा सकता।

-आचार्य महाश्रमण

श्रद्धावनत

Rameshchand, Vijaraj, Rakesh Bohra

Musaliya-Chennai-Dubai

Pradeep Stainless India Pvt. Ltd.

C 3, Phase II, 3rd Main Road, MEPZ SEZ, Tambaram
Chennai- 600 044, Mob. : 09840177330

With Best Compliments from

किसी के द्वारा प्रशंसित होने मात्र से
तुम बड़े नहीं हो और
किसी के द्वारा निन्दित होने मात्र से
तुम छोटे नहीं हो ।
यह सोचो,
तुम्हारे कार्य महानता वाले है या अधमतावाले ?

– आचार्य महाश्रमण

Sri Poosalal Suganibai Anchaliya Charitable Trust

P. Sampathraj Anchaliya
P. Tarachand Anchaliya
P. Gyanchand Anchaliya

Sirkali-Chennai-Delhi-Marudhar (Padukallan)

With Best Compliments from



वे व्यक्ति महान् होते हैं, जो दूसरों की भलाई के लिए स्वयं कष्ट झेलने के लिए तत्पर रहते हैं।

-आचार्य महाश्रमण

श्रद्धावनत

केवलचंद जैन

अध्यक्ष, ओडिशा प्रान्तीय श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा

बेलगांव (ओडिशा)-रायपुर (छत्तीसगढ़)

भावना, क्रिया और परिणाम की एक शृंखला है।
कार्य का परिणाम प्रायः भावना पर आधारित होता है।
शुद्ध भावना से की गई क्रिया शुभ परिणाम लाती है।

– आचार्य महाश्रमण

हार्दिक शुभकामनाओं सहित

सरला देवी – महेन्द्र कुमार जैन

महनसर (राजस्थान) – किशनगंज (बिहार)
बैंगलोर (कर्नाटक)

प्रकाशकीय

जैन विश्व भारती के समण संस्कृति संकाय द्वारा विगत 39 वर्षों से मर्यादा महोत्सव के पावन अवसर पर जय-तिथि-पत्रक का प्रकाशन प्रतिवर्ष निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में 153वें मर्यादा महोत्सव के पावन अवसर पर संवत् 2074 का जय-तिथि-पत्रक सुधी पाठकों के हाथों में प्रस्तुत करते हुए हमें हार्दिक प्रसन्नता है। जय-तिथि-पत्रक में ज्योतिषीय सूचनाओं, विशेष पर्वों, महत्त्वपूर्ण दिवसों व अनुष्ठानों के साथ-साथ संस्थाओं एवं विभिन्न संघीय गतिविधियों, कार्यक्रमों आदि से संबंधित उपयोगी सामग्री प्रकाशित की गई है।

परमाराध्य आचार्यप्रवर के निर्देशानुसार तेरापंथ दर्शन मनीषी मंत्रीमुनि श्री सुमेरमलजी (लाडनूं) ने जय-तिथि-पत्रक संपादन के गुरुतर दायित्व का सम्यक् निर्वहन करते हुए दैनंदिन आवश्यकता की ज्योतिषीय सूचना-सामग्री प्रस्तुत करने की कृपा की है, हम मंत्री मुनिश्री के प्रति हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। मुनिश्री उदितकुमारजी के महनीय मार्गदर्शन हेतु हार्दिक कृतज्ञता। श्री जीतमल नाहटा, कोलकाता का सामग्री संकलन कार्य में सहयोग प्राप्त हुआ, तदर्थ हार्दिक आभार।

जय-तिथि-पत्रक के प्रकाशन के लिए हमें अनेक महानुभावों का आर्थिक सौजन्य प्राप्त हुआ है। उनका उदार सहयोग-भाव संस्था की प्रवृत्तियों को गतिशील रखने में योगभूत बनता है। सभी अनुदानदाताओं के प्रति हम हार्दिक आभार ज्ञापित करते हैं। प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से इस कार्य में सहयोगी सभी महानुभावों के सहयोग हेतु आभार।

विश्वास है कि जय-तिथि-पत्रक की सामग्री सभी उपयोगकर्ताओं के लिए महत्त्वपूर्ण एवं उपयोगी सिद्ध होगी तथा इसमें प्रस्तुत सामग्री से उपयोगकर्ता त्याग-प्रत्याख्यान के लिए प्रेरित होंगे।

बी. रमेशचंद बोहरा
अध्यक्ष, जैन विश्व भारती

मालचन्द बेगानी
विभागाध्यक्ष, समण संस्कृति संकाय

राजेश कोठारी
मंत्री, जैन विश्व भारती

01 जनवरी, 2017

अध्यक्ष की कलम से

जैन विश्व भारती तेरापंथ धर्मसंघ की एक महत्त्वपूर्ण संस्था है। संपूर्ण जैन समाज में यह एक गौरवशाली संस्था के रूप में प्रतिष्ठित है। इसके द्वारा अनेक संघीय एवं समाजोपयोगी गतिविधियां संचालित की जा रही है।

आचार्य तुलसी के सपनों की कामधेनु जैन विश्व भारती आज केवल एक संस्था के रूप में नहीं, अपितु मानव कल्याणकारी प्रवृत्तियों के केन्द्र, प्राच्य एवं जैन विद्या की संरक्षण स्थली एवं आध्यात्मिक वैज्ञानिक व्यक्तित्व-निर्माण स्थल के रूप में विविध दिशाओं में कार्य कर रही है। समाज-परिवर्तन एवं समाज-विकास की आचार्यश्री तुलसी की प्रबल उत्कंठा को जैन विश्व भारती ने यथार्थ में परिणित करने का प्रयास किया है। इस संस्था के माध्यम से आचार्यश्री तुलसी, आचार्यश्री महाप्रज्ञजी और आचार्यश्री महाश्रमणजी का भविष्योन्मुखी एवं युगान्तरकारी चिंतन देश-विदेश तक पहुंचा है, जिस कारण से आज जैन विश्व भारती प्रस्तर खण्डों में नहीं, अपितु लोकमानस में प्रतिष्ठित है।

शिक्षा, शोध, साहित्य, साधना, सेवा, संस्कृति और समन्वय–इस 'सप्तसकार' को केन्द्र में रखकर कार्य करने वाली यह संस्था वर्तमान में अपने अनुशास्ता आचार्यश्री महाश्रमणजी के आशीर्वाद, समाज के सहयोग एवं सक्षम कार्यकर्ताओं के श्रम के फलस्वरूप अनेक मानव कल्याणकारी गतिविधियों का संचालन कर रही है। लगभग साढ़े चार दशक की यात्रा में जैन विश्व भारती ने अनेक पड़ावों को पार किया है। संस्था के सूत्रधारों के समक्ष संभावनाओं का असीम आकाश भी है और उसे प्राप्त करने का उत्साह, उमंग और जज्बा भी। उस असीम विकास के लिए परमपूज्य आचार्यप्रवर का पावन आशीर्वाद और चारित्रात्माओं का पावन पथदर्शन निरन्तर हमें प्राप्त है। सादर निवेदन है कि संपूर्ण समाज तन-मन-धन एवं चिंतन से जैन विश्व भारती की असीम विकास यात्रा के सहयात्री बनें।

बी. रमेशचंद बोहरा
अध्यक्ष

01 जनवरी 2017

इतिहास के पन्नों पर सिलीगुड़ी

प्राकृतिक सौन्दर्य से भरपूर कंचनजंगा की मनोरम वादियों की तलहटी में तीरस्ता और महानन्दा नदियों के किनारे बसे सिलीगुड़ी शहर का इतिहास ज्यादा अर्वाचीन नहीं है। पहाड़ी भाषा में इसका पूर्व नाम सिलगढ़ी था जो कि दार्जिलिंग एवं सिक्किम पहाड़ी क्षेत्रों समेत समूचे पूर्वोत्तर भारत का प्रवेशद्वार है। इसके इसके चारों तरफ सागवान लकड़ी के घने जंगल और चाय के हरे-भरे बगीचे स्थित हैं। सन् 1947 में जब भारत विभाजन के साथ पूर्वी पाकिस्तान का निर्माण हुआ तब से सिलीगुड़ी शहर की विकास यात्रा का शुभारम्भ हुआ। अपनी विशिष्ट भौगोलिक स्थिति एवं प्रवासी व्यवसायियों की कार्यशैली, दृढ़ संकल्प एवं दानशीलता के बल पर सन् 1970 के दशक से इस शहर का विकास द्रुतगति से प्रारंभ हुआ और आज यह पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के पश्चात् इस सूबे का सबसे बड़ा दूसरा विकसित शहर है।

सामरिक महत्त्व

यहां से विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहाड़ों की रानी दार्जिलिंग एवं टाइगर हिल मात्र 80 किमी., गंगटोक (सिक्किम) 120 किमी. की दूरी पर स्थित है। पड़ोसी देश बांग्लादेश की अंतर्राष्ट्रीय सीमा शहर से केवल 8 किमी. की दूरी पर अवस्थित है। यहां से भारत-चीन सीमावर्ती नाथुला दर्रा 115 किमी., पशुपतिनाथ की धरती नेपाल का धुलाबाड़ी शहर मात्र 35 किमी. एवं भुटान का फुंचुलींग शहर 135 किमी. की दूरी पर है। पूर्वोत्तर राज्यों में आवागमन के लिए एकमात्र सिलीगुड़ी होकर ही रेल और राजमार्ग है। विभिन्न राज्यों एवं राष्ट्रों की सीमाओं के निकट बसा होने के कारण इस शहर का भारत के लिए सामरिक महत्त्व भी बहुत अधिक है। इसी कारण इस शहर के आस-पास सेना एवं सीमा सुरक्षा बल के अनेक केन्द्र स्थित है।

विशिष्ट शहर

सिलीगुड़ी शहर का प्रमुख व्यवसाय चाय, जूट, लकड़ी, चावल, आलू, अनारस, अदरक, बड़ी इलायची, तेजपत्ता आदि से संबंधित है। इस क्षेत्र की उत्पादित दार्जिलिंग चाय विश्व प्रसिद्ध है। देश की आन्तरिक चाय खपत की आपूर्ति का एक बड़ा भाग यहां से प्रेषित होता है। इसी प्रकार प्रतिवर्ष यहां लाखों देशी-विदेशी पर्यटकों का आगमन होता है, जो कि इस क्षेत्र की अर्थ-व्यवस्था का प्रमुख आधार है। अपनी इन्हीं विशेषताओं के आधार पर सिलीगुड़ी थ्री 'टी' सिटी (टी, टिम्बर एवं टूरिज्म) के नाम से जाना जाता है।

यहां का विमानपत्तन बागडोगरा है एवं प्रमुख रेल स्टेशन न्यू जलपाईगुड़ी है जो देश के सभी प्रमुख शहरों से सीधा जुड़ा हुआ है। न्यू जलपाईगुड़ी भारत का एकमात्र ऐसा रेल स्टेशन है जहां एक साथ नैरो गेज, मीटर गेज और ब्रॉड गेज की सुविधाएं उपलब्ध है। सिलीगुड़ी

जंक्शन व सिलीगुड़ी टाउन–ये दो ऐतिहासिक रेलवे स्टेशन भी यहां विद्यमान है जहां से दार्जिलिंग के लिए विश्व प्रसिद्ध ट्वॉय ट्रेन भी जाती है। शैक्षणिक दृष्टि से यहां उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय एवं मेडिकल कॉलेज भी स्थित है। चिकित्सा सुविधा हेतु पूरा शहर तथा इसके आसपास का क्षेत्र यहां की उच्चस्तरीय व्यवस्थाओं पर निर्भर है। पश्चिम बंगाल सरकार का लघु सचिवालय 'उत्तरकन्या' भी यहां स्थित है। इन सभी विशेषताओं के कारण इस शहर को उत्तर बंगाल की अघोषित राजधानी कहें तो अतिशयोक्ति नहीं होगी।

सिलीगुड़ी का जैन तेरापंथ श्रावक समाज

बंगला की एक सुप्रसिद्ध कहावत है–'जेखाने जाए ना गाड़ी, ओखाने जाए मारवाड़ी।' इसी कहावत को चरितार्थ करते हुए हमारे उद्यमशील पूर्वज आजीविका की खोज में जान हथेली पर रख कर सुदूर राजस्थान से यात्रा करते हुए इन पहाड़ी एवं दुर्गम क्षेत्रों में आये और अपने कठोर परिश्रम एवं उद्यमशीलता, दृढ़ संकल्प एवं दानशीलता के आधार पर इस क्षेत्र में अपनी व्यावसायिक साख स्थापित कर पाये। सिलीगुड़ी के आस-पास के क्षेत्र जिनमें प्रमुख दार्जिलिंग, सिपाहीधोरा, कालिंपोंग, मोंगपू, गंगटोक आदि पहाड़ी शहर तथा कूचबिहार, अलीपुरद्वार, दिनहाटा, माथाभांगा, चैंगड़ाबांधा, जलपाईगुड़ी आदि समतल क्षेत्र और वर्तमान बांग्लादेश स्थित नल्फामारी, पार्वतीपुर, नाटोर, सिराजगंज आदि उस समय के प्रमुख व्यापारिक मुकाम जाने जाते थे। इन सभी क्षेत्रों में राजस्थान के थली संभाग के प्रमुख श्रावक परिवारों के यहां व्यावसायिक प्रतिष्ठान थे एवं उनका जूट, कपड़ा, गल्ला-किराना, सोना-चांदी तथा तंबाकू आदि के व्यापार पर लगभग एकाधिकार था। ओसवाल व्यापारियों की यहां की स्थानीय जनता में अच्छी प्रतिष्ठा थी। यहां के प्रमुख राजघरानों के साथ भी हमारे पूर्वजों के घनिष्ठ एवं प्रभावशाली संबंध थे। अपने दृढ़ धार्मिक संस्कारों के कारण व्यापारिक लेन-देन तथा खानपान की शुद्धता हमारे पूर्वजों ने बनाये रखी। यहां लगभग सवा सौ वर्ष पूर्व आसपास के विभिन्न पहाड़ी एवं समतल क्षेत्रों से हमारे समाज के कुछ प्रमुख परिवार जिनमें भंसाली (टमकोर-छापर), पारख (श्रीडूंगरगढ़ एवं सरदारशहर), कोठारी (ददरेवा), नाहटा, कुण्डलिया एवं गोठी (सरदारशहर), बैद (चूरू), सेठिया (गंगाशहर) आदि यहां पर आये और अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान स्थापित किये।

भारत विभाजन के उपरान्त जब सिलीगुड़ी शहर का विकास एवं प्रमुख वाणिज्यिक केन्द्र के रूप में शुरू हुआ तब अपने समाज के परिवार यहां क्रमशः बढ़ते गये। आज यहां जैन समाज के लगभग 500 परिवार हैं जिनमें 400 के आसपास तेरापंथी परिवार हैं। यहां पर भगवान पार्श्वनाथ का मंदिर भी है जो स्थानीय दिगम्बर जैन समाज द्वारा संचालित होता है।

सिलीगुड़ी के साधु साध्वियां

हमासरे धर्मसंघ के अनेकों साधु, साध्वियों, समणीवृन्द के संसारपक्षीय परिवार (न्यातीले) यहां निवास करते हैं। ये परिवार निरन्तर उनकी सेवा दर्शन का लाभ लेते रहते हैं जिससे उनके धार्मिक संस्कारों

की अक्षुण्णता बनी रहती है और धर्मसंघ के प्रति उनकी आस्था गहरी एवं दृढ़ होती है।

चारित्रात्माओं का पदार्पण एवं विचरण

गणाधिपति तुलसी की दूरदर्शिता एवं दायित्वशील श्रावक स्व. संचियालालजी नाहटा (छापर-बरौनी) के प्रयत्नों को साकार रूप मिला जब सर्वप्रथम सन् 1964 में मुनिश्री धनराजजी स्वामी का पदार्पण इन क्षेत्रों में हुआ। इसके पश्चात् तो साधु-साध्वियों का लगातार विचरण इस क्षेत्र में होता रहा। गुरुओं की असीम अनुकंपा इस क्षेत्र पर निरन्तर बनी रही एवं फलस्वरूप चारित्रात्माओं के चातुर्मास व समणी केन्द्र लगातार सिलीगुड़ी क्षेत्र में होते रहे। साध्वीश्री किस्तूरांजी, साध्वीश्री मोहनांजी, साध्वीश्री गौरांजी, साध्वीश्री राजीमतीजी, साध्वीश्री यशोधराजी, साध्वीश्री मोहनकुमारीजी, साध्वीश्री सूरजकुमारीजी, साध्वीश्री प्रमिलाकुमारीजी, मुनिश्री पूनमचन्दजी, मुनिश्री कन्हैयालालजी, मुनिश्री कमलकुमारजी, शासनगौरव मुनिश्री ताराचंदजी, मुनिश्री सुमतिकुमारजी, मुनिश्री गुलाबचन्दजी 'निर्मोही', साध्वीश्री अणिमाश्रीजी, साध्वीश्री आनन्दश्रीजी आदि का पदार्पण हुआ एवं उसका धर्म लाभ हमें मिला। चातुर्मास मुनिश्री राजकरणजी, साध्वीश्री विद्यावतीजी, साध्वीश्री सोहनांजी, साध्वीश्री चांदकुमारीजी, साध्वीश्री जयश्रीजी, साध्वीश्री सोमलताजी, साध्वीश्री कुन्दनरेखाजी, साध्वीश्री निर्वाणश्रीजी के हमारे क्षेत्र को मिले। मर्यादा महोत्सव साध्वीश्री कंचनप्रभाजी एवं साध्वीश्री प्रमिलाकुमारीजी के सान्निध्य में यहां आयोजित हुए। सिलीगुड़ी पधारने वाले प्रायः सभी साधु-साध्वियों की दार्जिलिंग एवं गंगटोक यात्रा की सेवा का सुअवसर यहां के श्रावक समाज को मिलता है। सन् 2007 में 16 समणियों का अभूतपूर्व मिलन समारोह यहां आयोजित हुआ। सर्दी, गर्मी, वर्षा, स्थानाभाव, कल्प आदि परिषहों को सहन करते हुए हमारे पूज्य साधु-साध्वियों ने जिस प्रकार गुरु इंगित की आराधना करते हुए इस क्षेत्र को उर्वर बनाया एवं अपने अथक परिश्रम से श्रावक समाज की सार-संभाल की उसी का सुपरिणाम आज इस पूरे इलाके में दिखायी दे रहा है। आज पूर्वोत्तर का पूरा श्रावक समाज पूज्यप्रवर की अहिंसा यात्रा को सफलतम बनाने में तन-मन-धन से लगा हुआ है।

संघीय गतिविधियां

सिलीगुड़ी क्षेत्र में श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, तेरापंथ महिला मण्डल, तेरापंथ युवक परिषद्, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, अणुव्रत समिति, कन्या मण्डल, किशोर मण्डल आदि सभी संस्थाएं व्यवस्थित रूप से संघ व समाज की सेवा में सक्रिय हैं। यहां दो ज्ञानशालाएं नियमित रूप से संचालित हो रही हैं। **आचार्य तुलसी महाप्रज्ञ साहित्य विक्रय केन्द्र** यहां पिछले 13 वर्षों से संचालित हैं। जो इस पूरे क्षेत्र की धार्मिक साहित्य एवं उपकरणों की आपूर्ति करता है। शहर के मध्य में पांच मंजिला तेरापंथ भवन बना हुआ है जो श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ ट्रस्ट द्वारा संचालित है। श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, सिलीगुड़ी के तत्त्वावधान में शहर से 11 किमी. की दूरी पर वर्धमान एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा प्रदत्त भूमि पर दो नये तीन तल्ले सभा भवनों का निर्माण कार्य चालू है, जिनका कुल क्षेत्रफल 80,000 वर्ग फीट है। **प्रथम भवन के भूमितल का लोकार्पण परम पूज्य आचार्य**

महाश्रमणजी के सान्निध्य में दिनांक 28 फरवरी, 2016 को सुसंपन्न हो चुका है। आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेन्टर एवं युवा लोक की स्थापना भी तेरापंथ युवक परिषद के निजी परिसर में यहां हो चुकी है। विश्वस्तरीय लॉ कॉलेज के निर्माण की योजना तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम द्वारा निर्माणधीन है। हमारे क्षेत्र का धर्मसंघ की केन्द्रीय संस्थाओं में लगातार सक्षम प्रतिनिधित्व रहा है। वर्तमान में भी महासभा, अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद्, अणुव्रत महासमिति, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम एवं जैन विश्व भारती में उच्च पदों पर हमारे यहां के श्रावक समाज के प्रतिनिधि पदासीन हैं एवं संघ तथा समाज को अपनी अमूल्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

तपस्या एवं संलेखणा

धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ यहां त्याग तपस्या की झड़ी लगी रहती है। लगभग प्रति वर्ष चातुर्मास के समय मासखमण, पखवाड़ा, अठाई आदि का अच्छी तादाद में क्रम बना रहता है। उपवास, बेला, तेला, पौषध एवं संवर आदि भी संतोषजनक संख्या में हमारे यहां श्रावक समाज द्वारा होते रहते हैं। इस क्षेत्र का पहला चौविहार संथारा श्रावक श्री शोभाचन्दजी भंसाली (छापर) का 17 दिनों का हुआ। इसके पश्चात् जो उल्लेखनीय संलेखणा संथारे हुए उनका विवरण इस प्रकार है–

1. श्रीमती बरजी देवी छाजेड़ (सरदारशहर), 68 दिन, 2. श्रीमती मनोहरी देवी बोथरा (लाडनूं) 38 दिन, 3. श्रीमती गोरज्या देवी दुगड़ (सरदारशहर) 19 दिन, 4. श्रीमती गणपति देवी गिड़िया (लाडनूं) 16 दिन, 5. श्रीमती मनोहरी देवी सेठिया (राजलदेसर), 4 दिन 6. श्री माणचन्दजी दुधेड़िया (छापर) 1 दिन।

153वां मर्यादा महोत्सव

परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी अपनी धवल सेना के साथ पूर्वोत्तर भारत की सफलतम अहिंसा यात्रा व गुवाहाटी चातुर्मास सुसंपन्न करके दिनांक 29 जनवरी, 2017 को सिलीगुड़ी में पधार रहे हैं। जहां आप श्री के सान्निध्य में १५३वां मर्यादा महोत्सव दिनांक 1-2-3 फरवरी, 2017 को मनाया जाना घोषित है। इस भव्य समारोह में आप सभी देश-विदेश के श्रावक समाज को सिलीगुड़ी का श्रावक समाज हार्दिक आमंत्रित कर रहा है। हमें पूरा विश्वास है कि आप सभी इस महोत्सव के अवसर पर पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे एवं हमें स्वागत का अवसर प्रदान करेंगे।

–: निवेदक :–

मन्नालाल बैद	**धनराज भंसाली**	**रतनलाल भंसाली**	**नवरतन पारख**	**मोहनलाल कोठारी**
अध्यक्ष	**स्वागताध्यक्ष**	**महामंत्री**	**वरिष्ठ उपाध्यक्ष**	**कोषाध्यक्ष**

आचार्य महाश्रमण मर्यादा महोत्सव व्यवस्था समिति, सिलीगुड़ी

कोलकाता का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक परिदृश्य

सिटी ऑफ जॉय, सिटी ऑफ पैलेसेस और भारत के सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक केन्द्र के रूप में विख्यात कोलकाता पश्चिम बंगाल की राजधानी है, जो बंगाल की खाड़ी से 180 किलोमीटर दूर हुगली नदी के तट पर स्थित है। कोलकाता अपने साहित्यिक, क्रांतिकारी और कलात्मक धरोहरों के लिए विख्यात है। भारत की बौद्धिक एवं सांस्कृतिक राजधानी के साथ-साथ इस शहर को सृजनात्मक ऊर्जा का शहर भी कहा जाता है। दूसरी ओर कोलकाता पूर्वी भारत का प्रमुख व्यावसायिक, वाणिज्यिक और वित्तीय केन्द्र भी है।

1886.67 वर्ग किलोमीटर में फैला कोलकाता भारत का दूसरा सबसे बड़ा और तीसरा सबसे घनी आबादी वाला महानगर है।

कोलकाता भारत का वह शहर है जिसने देश को पांच नोबल पुरस्कार प्राप्त विद्वान दिए हैं, जिनके नाम हैं–सर रोनाल्ड रॉस, सी.वी. रमन, रवींद्रनाथ टैगोर, मदर टेरेसा और अमर्त्य सेन।

कोलकाता शहर का इतिहास लगभग 325 वर्ष पुराना है।

कोलकाता महानगर विभिन्न संस्कृतियों का समवाय है, जहां देश के विभिन्न भागों के लोग परस्पर सौहार्द, प्रेम और सद्भाव के साथ रहते हैं। यहां के बासिंदों में बंगालियों के अतिरिक्त मारवाड़ी, बिहारी, गुजराती, मुसलमान, पंजाबी, नेपाली, उड़िया, तमिल, तेलुगु, असमी, मराठी, कोंकणी, मलयाली, एंग्लो इंडियन, पारसी, चीनी, तिब्बती आदि शामिल है।

कोलकाता के इतिहास में महान विभूतियों का विशिष्ट योगदान रहा है। धर्म एवं अध्यात्म के क्षेत्र में रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, समाज सुधारकों में राजाराममोहनराय, केशवचंद्र सेन, दार्शनिकों-विचारकों में अरविन्द घोष, इंदिरा देवी चौधुरानी, विपनचंद्र पाल, साहित्यकारों में ईश्वरचंद्र विद्यासागर, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय, रवींद्रनाथ टैगोर, माइकल मधुसूदन दत्त, काजी नजरुल इस्लाम, राष्ट्रवादियों में बंकिमचंद्र चटर्जी ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने साहित्य के माध्यम से अपने युग में राष्ट्रवादियों को बहुत प्रभावित किया। उनके आनंद मठ में लिखा गया गीत वंदे मातरम् आज भारत का राष्ट्रगीत है। इनके अतिरिक्त सुभाषचंद्र बोस, खुदीराम बोस जैसे स्वतंत्रता सेनानी भी हुए। जिन्होंने बंगाल को भारत के राष्ट्रीय आंदोलन में अग्रणी स्थान दिलाया। कोलकाता के शिक्षाविदों में आशुतोष मुखर्जी, वैज्ञानिकों में सत्येन्द्रनाथ बोस, मेघनाद साहा, जगदीशचंद्र बोस, प्रफुल्लचंद्र राय, अनिल कुमार गाइन, उपेन्द्रनाथ ब्रह्मचारी, सी.वी. रमन, अर्थशास्त्रियों में अमर्त्य सेन, बीसवीं शताब्दी के प्रमुख साहित्यकारों में शरतचंद्र चट्टोपाध्याय, ताराशंकर बंद्योपाध्याय, माणिक बंद्योपाध्याय, विभूतिभूषण बंद्योपाध्याय, आशापूर्ण देवी, शिशिरेंदु मुखोपाध्याय, बुद्धदेव गुहा, महाश्वेता देवी, समरेश बसु, समरेश मजुमदार, संजीव चट्टोपाध्याय, सुनील गंगोपाध्याय आदि सुख्यात हैं। खेल के क्षेत्र में सौरव गांगुली ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कोलकाता का नाम रोशन किया है।

शिक्षा का एक महत्त्वपूर्ण केन्द्र कोलकाता में अनेक प्रसिद्ध विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय हैं, जिनमें कलकत्ता विश्वविद्यालय, प्रेसिडेंसी विश्व-विद्यालय, हिंदू स्कूल, यादवपुर विश्वविद्यालय, बंगाल इंजीनियरिंग एंड साइंस यूनिवर्सिटी, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट आदि शामिल हैं।

मां काली के प्रति कोलकातावासियों की विशेष आस्था है। कोलकाता को काली का आशीर्वाद माना जाता है और काली पूजा व दुर्गा पूजा कोलकाता का सबसे महत्त्वपूर्ण उत्सव है।

हावड़ा पुल, विक्टोरिया मेमोरियल, बिड़ला तारामंडल, कालीघाट, रामकृष्ण मिशन, बेलूर मठ, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, साइंस सिटी, नेशनल लाइब्रेरी, नेहरू चिल्ड्रेन म्यूजियम आदि इस शहर की विशेष पहचान है। यह शहर रेलमार्गों, वायुमार्गों एवं सड़क मार्गों द्वारा पूरे देश के विभिन्न भागों से जुड़ा हुआ है।

तेरापंथ धर्मसंघ के इतिहास में भी कोलकाता की भूमि का चिरस्मरणीय योगदान है। भारत के पांच महानगरों में इस महानगर का तेरापंथ धर्मसंघ की दृष्टि से विशिष्ट स्थान है तथा श्रावक समाज की आबादी की दृष्टि से कोलकाता को तेरापंथ की राजधानी माना जाता है। यहां पर लगभग 7,000 तेरापंथी परिवार निवास करते है।

तेरापंथ धर्मसंघ के अष्टमाचार्य महामना कालूगणि राज के स्वर्णिम शासन काल में वि.सं. 1913 में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा का गठन हुआ जिसका प्रमुख केन्द्र बना कोलकाता महानगर। यहीं से हमारे धर्म संघ की लगभग सभी धार्मिक गतिविधियों का संचालन, प्रसारण एवं निर्धारण होता रहा। सामयिक अपेक्षा को ध्यान में रखते हुए समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा महासभा की गतिविधियों को व्यवस्थित संचालन हेतु वि.सं. 1950 में भवन का क्रय किया गया जिसका नामकरण हुआ महासभा भवन। प्रसन्नता की बात यह रही कि तत्कालीन प्रबुद्ध चिन्तक श्रावक समाज की सूझ-बूझ से महासभा भवन में तेरापंथी विद्यालय की स्थापना की गई।

कोलकाता महानगर ऐसा सौभाग्यशाली है जहां तेरापंथ धर्मसंघ के नवमाधिशास्ता आचार्यश्री तुलसी ने इसी महासभा भवन में सफल चातुर्मासिक प्रवास किया। वह ऐतिहासिक मंगलमय वर्ष था वि.सं. 2016। उससे पूर्व वि.सं. 2015 में साध्वीश्री राजीमतीजी का यहां चतुर्मास हुआ। तब से लेकर आज तक प्रायः लगातार साधु-साध्वियों के चतुर्मास हो रहे हैं। अब तक के चतुर्मासों में संतों में शासन गौरव मुनिश्री बुद्धमलजी, शासन गौरव मुनिश्री राकेशकुमारजी, मुनिश्री राजकरणजी, मुनिश्री गुलाबचंदजी 'निर्मोही', मंत्रीमुनि मुनिश्री सुमेरमलजी लाडनूं तथा शासनश्री मुनिश्री धर्मरुचिजी एवं मुनिश्री आलोककुमारजी के चतुर्मास हो चुके हैं। साध्वियों में साध्वीश्री किस्तूरांजी, साध्वीश्री मोहनांजी, साध्वीश्री गौरांजी, साध्वीश्री यशोधराजी, साध्वीश्री सोहनकुमारीजी, साध्वीश्री चांदकुमारीजी, साध्वीश्री जयश्रीजी, साध्वीश्री विद्यावतीजी, साध्वीश्री मधुस्मिताजी, साध्वीश्री सोमलताजी, साध्वीश्री जतनकुमारीजी 'कनिष्ठा', साध्वीश्री कंचनप्रभाजी, साध्वीश्री निर्वाणश्रीजी, साध्वीश्री कनकश्रीजी, साध्वीश्री अणिमाश्रीजी, साध्वीश्री मंगलप्रज्ञाजी, साध्वीश्री त्रिशलाकुमारीजी एवं साध्वीश्री यशोमतीजी के चातुर्मास हो चुके हैं।

शुरू के कई वर्षों तक समागत साधु-साध्वियां यहां लगभग दो चतुर्मास करते। पहला महासभा भवन में तथा दूसरा मित्र परिषद् भवन में। अन्यत्र चातुर्मासिक प्रवास स्थल उपलब्ध नहीं था, लेकिन कालान्तर में कोलकाता के विभिन्न क्षेत्रों में चातुर्मास होने लगे। प्रारम्भ में राजस्थान से समागत श्रावक सपरिवार बहुत कम आते इसलिए अपना अलग से मकान, बिल्डिंगें या फ्लैट्स बनाने की अपेक्षा महसूस नहीं की गई। 70-80 वर्ष पूर्वथली संभाग के कुछ विशिष्ट परिवारों की यहां गद्दियां व ऑफिसें बनी परन्तु गणाधिपति गुरुदेवश्री तुलसी की चरणधूलि का स्पर्श पा यहां के श्रावक समाज की विलक्षण समृद्धि बढ़ी। आज यहां सैकड़ों नहीं बल्कि हजारों की संख्या में श्रावक समाज सपरिवार निवासी बनकर धर्मसंघ को सेवाएं दे रहे हैं।

कुछ समय तक जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा पूरे भारत की गतिविधियों को संचालित करने के साथ कोलकाता में आने वाले साधु-साध्वियों की सेवा व्यवस्था का दायित्व निभाती पर बाद में आचार्यश्री तुलसी की दूरगामी प्रज्ञा के परिणाम स्वरूप श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, कलकत्ता का गठन हुआ जो महासभा की कृति है। तत्पश्चात् यहां साउथ कलकत्ता सभा, उत्तर हावड़ा सभा, साउथ हावड़ा सभा, पूर्वांचल सभा, उत्तरांचल सभा, मध्य उत्तर कोलकाता सभा, टालीगंज सभा, लिलुआ सभा, हिन्दमोटर सभा, रिसड़ा सभा, बाली-बेलूड़, उत्तरपाड़ा आदि सभाओं का गठन हुआ। तेरापंथ युवक परिषद् तथा तेरापंथ महिला मंडल कोलकाता, साउथ हावड़ा महिला मंडल, उत्तर हावड़ा महिला मंडल, उत्तरपाड़ा, रिसड़ा, हिन्दमोटर महिला मंडल आदि संगठन प्रभावी व कार्यकारी बने। अणुव्रत समिति, जीवन विज्ञान एकेडमी, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, जैन कार्यवाहिनी संस्थाएं यहां पर विशेष कार्य कर रही है। सभाओं के गठन के बाद सभा भवनों का भी निर्माण हुआ—उत्तरहावड़ा तेरापंथ भवन, साउथ हावड़ा तेरापंथ भवन, पूर्वांचल तेरापंथ भवन एवं साउथ कोलकाता तेरापंथी भवन, लिलुआ सभा भवन। यहां की सभी संस्थाएं केन्द्र के निर्देशानुसार आध्यात्मिक गतिविधियों का व्यवस्थित संचालन करती है। अखिल भारतीय स्तर पर यहां के अनेकों कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष व विभिन्न पदों पर सेवाएं दी है तथा वर्तमान में दे रहे है। संघसेवी श्रावकों को उनकी संघीय सेवाओं का मूल्यांकन करते हुए आचार्यों के द्वारा समय-समय पर समाजभूषण, कल्याण मित्र, शासनसेवी, श्रद्धानिष्ठ श्रावक, श्रद्धा की प्रतिमूर्ति आदि विभिन्न अलंकरणों से संबोधित किया गया। इसके साथ-साथ चारों जैन समाज में भी परस्पर सौहार्द का सुन्दर वातावरण है। सबसे अधिक गौरव की बात यह है कि तेरापंथ धर्मसंघ की वर्तमान साध्वीप्रमुखा महाश्रमणी कनकप्रभाजी की जन्मस्थली भी कोलकाता है। यहां की धरा में जन्में होनहार व्यक्तित्व संघ में दीक्षित होकर साधु-साध्वी के रूप में सेवाएं देते हुए कोलकाता का गौरव बढ़ा रहे है। कोलकाता से उपासक - उपासिकाएं, जैन स्कालर, तत्वज्ञ श्रावक - श्राविकाएं अच्छी संख्या में धर्मसंघ को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

कोलकाता आचार्यश्री तुलसी एवं आचार्यश्री महाप्रज्ञजी की विशेष कृपापात्र महानगर रहा है वर्तमान में एकादशम अधिशास्ता आचार्यश्री महाश्रमणजी की महत्ती कृपा का आशीर्वाद निरन्तर मिल रहा है और उसी कृपादृष्टि का प्रसाद

है। सन् 2017 का कोलकाता में पूज्यप्रवर का चतुर्मास। जो कोलकाता के न्यू टाउन राजरहाट क्षेत्र में नव-निर्मित आचार्य महाप्रज्ञ महाश्रमण एजुकेशन एण्ड रिसर्च फाउण्डेशन के प्रांगण के महाश्रमण विहार में होने जा रहा है। यह विशाल प्रांगण 1,87,000 वर्गफीट क्षेत्र में फैला हुआ है तथा इसमें 6 लाख वर्गफीट का निर्माण कार्य हुआ है जो वास्तव में विराट व विलक्षण है। महाश्रमण विहार प्रांगण संभवतः अब तक की तेरापंथ समाज की सबसे बृहत्तम परियोजना है, जहां शैक्षणिक, आध्यात्मिक, आवासीय एवं सामाजिक गतिविधियों का नियमित संचालन होगा।

यह प्रांगण तेरापंथ धर्म समाज की विशिष्ट उपलब्धि बनेगा एवं शिक्षा व अध्यात्म के विकास के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। उल्लेखनीय है कि अभी तक के तेरापंथ समाज में निर्मित भवनों में यह सबसे बड़ा रचनात्मक संस्थान होगा। यहीं पर 2017 में चतु सि प्रवास संबंधी सभी व्यवस्थाएं लगभग एक ही स्थान पर सुनियोजित की जाएगी। कोलकाता का चतु सि पूरे देशभर के लिए आकर्षण बना हुआ है।

कोलकाता की धरा का यह परम सौभाग्य है कि 58 वर्षों की सुदीर्घ अवधि के पश्चात् आचार्यश्री महाश्रमणजी का पावन चतु सि यहां हो रहा है। कोलकाता का श्रावक समाज आचार्यप्रवर के आगमन की प्रतीक्षा में पलक पांवड़े बिछाये आपका अभिवंदन करने को समुत्सुक है। महातपस्वी आचार्यवर 2 जून 2017 को कोलकाता की सीमा में प्रवेश करेंगे तथा विभिन्न उपनगरों का स्पर्श करते हुए कोलकाता में उनका प्रथम शुभागमन होगा। अनन्त शक्ति व उल्लास के साथ कोलकाता के विशालतम ऑडिटोरियम नेताजी इन्डोर स्टेडियम में समस्त कोलकाता के जैन व जैनेतर समाज के द्वारा अहिंसा पुरुष का नागरिक अभिनन्दन समारोह होगा। भैक्षव शासन के सूर्य धर्म सम्राट् आचार्यश्री महाश्रमणजी अपनी धवल सेना के साथ कोलकाता के विभिन्न अंचलों को अपनी चरणरज से पावन करते हुए 2 जुलाई 2017 को राजरहाट में चातुर्मासिक मंगल प्रवेश करेंगे। इस चतुर्मास के दौरान अनेकों भव्य आयोजन होंगे। नवयुग का सृजन होगा।

2017 के ऐतिहासिक चतुर्मास के सुअवसर पर देश-विदेश में प्रवासित सभी साधार्मिक बंधुओं को आगमन हेतु हमारा स्नेहिल आमंत्रणहै। आप सपरिवार अधिकाधिक संख्या में कोलकाता पधार पर गुरु उपासना का लाभ ले एवं उन अविस्मरणीय क्षणों के साक्षी बने। हमें विश्वास है कि आचार्यश्री के श्रम की एक-एक बूंद प्रगति की सीप में ढलकर मोतियों के रूप में प्रगट होगी और आप सबके सहयोग व शुभागमन से 2017 का यह चतुर्मास आध्यात्मिक अमृतांजन का दुर्लभ दस्तावेज होगा। आप सभी को भाव भरा आमंत्रण।

निवेदक

आचार्यश्री महाश्रमण चतुर्मास प्रवास व्यवस्था समिति 2017

कोलकाता

अध्यक्ष	**महामंत्री**
कमल दूगड़	**सूरज बरड़िया**
मो. 09830030522	**मो. 09831143436**

आचार्य महाश्रमण

जन्म : वि.सं. 2019, वैशाख शुक्ला नवमी (13 मई 1962) सरदारशहर
पिता : स्व. श्री झूमरमलजी दूगड़
माता : स्व. श्रीमती नेमादेवी दूगड़
दीक्षा : वि.सं. 2031 वैशाख शुक्ला चतुर्दशी (5 मई 1974) सरदारशहर
अन्तरंग सहयोगी : वि.सं. 2042, माघ शुक्ला सप्तमी (16 फरवरी 1986) उदयपुर
साझपति : वि.सं. 2043, वैशाख शुक्ला चतुर्थी (13 मई 1986) ब्यावर
महाश्रमण पद : वि.सं. 2046, भाद्रव शुक्ला नवमी (9 सितम्बर 1989) लाडनूं
युवाचार्य पद : वि.सं. 2054, भाद्रव शुक्ला द्वादशी (14 सितम्बर 1997) गंगाशहर
आचार्य पदाभिषेक : वि.सं. 2067, द्वितीय वैशाख शुक्ला दशमी (23 मई 2010) सरदारशहर
महातपस्वी : वि.सं. 2064, भाद्रपद शुक्ला पंचमी (17 सितम्बर 2007) उदयपुर
शान्तिदूत : वि.सं. 2068, ज्येष्ठ कृष्णा द्वादशी (29 मई 2011) उदयपुर
श्रमण संस्कृति उद्‌गाता : वि.सं. 2069, आश्विन कृष्णा चतुर्दशी (14 अक्टूबर 2012) जसोल
प्रकाशित पुस्तकें : आओ हम जीना सीखें, दुःख मुक्ति का मार्ग, क्या कहता है जैन वाङ्मय, संवाद भगवान से (भाग-1,2), शिक्षा सुधा, शेमुषी, मेरे गीत, धम्मो मंगलमुक्किट्ठं, महात्मा महाप्रज्ञ, सुखी बनो, संपन्न बनो, विजयी बनो, रोज की एक सलाह, शिलान्यास धर्म का, अदृश्य हो गया महासूर्य, निर्वाण का मार्ग।

आचार्यश्री महाश्रमण की प्रमुख कृतियां

दुःख मुक्ति का मार्ग

आचार्यश्री महाश्रमण ने इस पुस्तक में साधना के रहस्यों को प्रस्तुत किया है। सुख, शांति और आनंद की प्राप्ति में यह कृति मार्गदर्शक की भूमिका अदा करती है।

क्या कहता है जैन वाङ्मय

इस पुस्तक में जैन शास्त्रों में उपलब्ध सफलता के सूत्रों में से चुनिंदा मोतियों को पिरोया गया है। प्रस्तुत कृति आचार्यश्री महाश्रमण के हृदयस्पर्शी प्रवचनों का महत्त्वपूर्ण संग्रह है।

आओ हम जीना सीखें

जीता हर कोई है, किन्तु कलापूर्ण जीना कोई-कोई जानता है। प्रस्तुत पुस्तक में आचार्यश्री महाश्रमण ने कलात्मक जीवन के सूत्रों को प्रकाशित करते हुए जीवन की प्रत्येक क्रिया का व्यवस्थित प्रशिक्षण दिया है। वस्तुतः यह कृति 'कैसे जीएं' इस प्रश्न का सटीक समाधान है।

संवाद भगवान से

प्रतिष्ठित जैनागम उत्तराध्ययन के २९वें अध्ययन पर आधारित इस पुस्तक में भगवान महावीर और उनके प्रमुख शिष्य गौतम के रोचक संवाद के माध्यम से मन में संशय पैदा करने वाले प्रश्नों को विस्तृत रूप में समाहित किया गया है। यह कृति दो भागों में उपलब्ध है।

महात्मा महाप्रज्ञ

युगप्रधान आचार्यश्री महाप्रज्ञ तेरापंथ के आचार्य, अनुशास्ता, साहित्यकार और प्रवचनकार थे। इन सबसे पहले वे एक सन्त थे, महात्मा थे, उनकी आत्मा में महानता थी। उनके उत्तराधिकारी आचार्यश्री महाश्रमण ने उन्हें नजदीकी से देखा और जाना। प्रस्तुत पुस्तक में श्री महाप्रज्ञ के नौ दशकों के इतिहास और रहस्यों को उजागर किया गया है।

रोज की एक सलाह

लघु आकार में प्रस्तुत यह पुस्तक 'गागर में सागर' उक्ति को चरितार्थ करती है। आचार्य महाश्रमण द्वारा सूक्तियों में दी गई 'रोज की एक सलाह' हर व्यक्ति के लिए प्रतिदिन की पर्याप्त खुराक है। सदा साथ रखी जा सकने वाली यह कृति न केवल सफलता की प्राप्ति में सहायक है, अपितु व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान में भी इसकी उपयोगिता असंदिग्ध है।

१. सुखी बनो २. सम्पन्न बनो ३. विजयी बनो

आचार्य महाश्रमण ने प्रस्तुत तीनों पुस्तकों में श्रीमद्भगवद्गीता और उत्तराध्ययन की तुलनात्मक विवेचना करते हुए साधक का सुन्दर पथदर्शन किया है। तीन भागों में उपलब्ध यह ग्रन्थमाला जहां दो महनीय ग्रन्थों को युगीन रूप में प्रस्तुति देती है, वहीं अध्यात्मरसिकों के लिए पोषक का कार्य भी करती है।

धम्मो मंगलमुक्किट्ठं

आचार्यश्री महाश्रमण की प्रस्तुत पुस्तक में जैन तत्त्वज्ञान, साधना के प्रयोगों, महापुरुषों और उनके अवदानों आदि विविध विषयों से संबद्ध उपयोगी और प्रेरणास्पद सामग्री संजोई गई है।

शिलान्यास धर्म का

धर्म का आदि बिन्दु है–सम्यक्त्व। आचार्य महाश्रमण की प्रस्तुत कृति सम्यक्त्व, उसके लक्षण, दूषण, भूषण तथा देव, गुरु, धर्म आदि विषयों पर आधारित प्रवचनों और प्रश्नोत्तरों का संग्रह है। जैन अनुयायियों की आस्था के दृढ़ीकरण में यह कृति सहायक की भूमिका अदा करती है।

निर्वाण का मार्ग

अध्यात्म साधना का अन्तिम लक्ष्य है–निर्वाण। भगवान् महावीर और गौतम बुद्ध ने वर्षों तक साधना कर निर्वाण के रहस्यों को प्राप्त किया और जनता को दिखाया–निर्वाण का मार्ग। जैनागम उत्तराध्ययन और बौद्धग्रंथ धम्मपद पर आधारित आचार्यश्री महाश्रमण की प्रलम्ब प्रवचनमाला के चुनिंदा मोतियों से निर्मित इस पुस्तक को पढ़कर अध्यात्मरसिक व्यक्ति परम सुख का पथ प्राप्त कर सकता है।

• प्राप्ति स्थान •

जैन विश्व भारती, लाडनूं–8742004849, आचार्य महाश्रमण प्रवास स्थल–9928393902, ई-मेल : **jainvishvabharati@yahoo.com**

Books are available online at http://books.jvbharati.org

जैन विश्व भारती का महत्वपूर्ण उपक्रम
आगम साहित्य का प्रकाशन

वाचना प्रमुख
आचार्य श्री तुलसी

मुख्य संपादक विवेचक
आचार्य श्री महाप्रज्ञ

प्रधान संपादक
आचार्य श्री महाश्रमण

अधिक जानकारी हेतु संपर्क सूत्र : जैन विश्व भारती लाडनूं : 8742008489, आचार्य महाश्रमण प्रवास स्थल : 9928393902
ईमेल : jainvishavbharati@yahoo.com

Books are available online at : **http\\books.jvbharati.org**

जैन विश्व भारती, लाडनूं में संचालित
सेवाभावी आयुर्वेदिक रसायनशाला
द्वारा शास्त्रीय विधान से निर्मित प्रामाणिक एवं विश्वसनीय कुछ विशिष्ट आयुर्वेदिक औषधियां

क्र. सं.	औषध का नाम	उपयोग	वजन (ग्राम)	मूल्य
01.	सेवाभावी सुपर्वप्राश	शक्तिवर्धक व स्फूर्तिदायक	900	585/-
	(मकरध्वज, केशर, चांदी भस्म युक्त)	पौष्टिक योग	400	260/-
02.	सेवाभावी स्पेशलप्राश	शक्तिवर्धक व स्फूर्तिदायक	900	450/-
	(केशर, रससिंदूर, पौष्टिक योग चांदी भस्म युक्त)		400	205/-
03.	सेवाभावी सितोपलादि योग	पुरानी खांसी, श्वास, फेफड़ों के रोग में उपयोगी	30 पुड़िया	225/-
04.	सेवाभावी प्रतिदिनम् चूर्ण	कब्ज को दूर करने में उपयोगी	100	50/-
			500	240/-
05.	सेवाभावी अग्निसंदीपन चूर्ण	पाचक एवं गैस निवारक	100	110/-
			500	525/-
06.	सेवाभावी तुलसीप्रभावटी	मधुमेह (शुगर) में उपयोगी	30	145/-
			100	475/-
07.	सेवाभावी अर्जुनघनसत्व वटी	रक्तचाप व हृदयरोग में उपयोगी	10	30/-
			100	285/-

08.	सेवाभावी दिव्यतेज वटी	जुखाम, बुखार आदि में उपयोगी	05	90/-
09.	सेवाभावी कंठसुधाकर वटी	कफ, खांसी आदि में उपयोगी	10	40/-
			100	380/-
10.	सेवाभावी अमृतम् पिल्स	मुख शोधक	05	60/-
11.	सेवाभावी स्पेशल मंजन	दंत रोगों में उपयोगी	80	90/-

: नोट :

✦ औषधियां चिकित्सक की सलाहनुसार सेवन करें।

✦ सेवाभावी आयुर्वेदिक रसायनशाला द्वारा निर्मित उक्त औषधियों के अतिरिक्त लगभग 150 प्रकार की अन्य औषधियां पूर्ण शास्त्रीय विधि से प्रामाणिक रूप में तैयार की जाती है।

औषधियां मंगवाने या डीलरशीप के लिए संपर्क करें

सेवाभावी आयुर्वेदिक रसायनशाला
जैन विश्व भारती परिसर, पोस्ट : लाडनूं-341306
जिला : नागौर (राजस्थान)
संपर्क : 01581-226969, 082906 26767

भावभरा आमंत्रण
अहिंसा यात्रा
सद्भावना • नैतिकता • नशामुक्ति
आचार्यश्री महाश्रमण चतुर्मास प्रवास व्यवस्था समिति 2017, कोलकाता
2 जुलाई 2017 से 10 नवम्बर 2017 तक
अहिंसा यात्रा प्रणेता शांतिदूत आचार्यश्री महाश्रमणजी का 2017 में कोलकाता चतुर्मास
समस्त अध्यात्मप्रेमी समाज को सपरिवार आमंत्रण
नागरिक अभिनंदन-
18 जून, 2017 नेताजी इंडोर स्टेडियम
चातुर्मासिक प्रवेश -
2 जुलाई, 2017 चतुर्मास प्रवास स्थल
स्वागतोत्सुक आचार्यश्री महाश्रमण चतुर्मास प्रवास व्यवस्था समिति 2017, कोलकाता
तेरापंथ युवक परिषद ,
अणुव्रत समिति,
जीवन विज्ञान एकेडमी ,
तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम
श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा :
कोलकाता, साउथ कोलाकात, पूर्वांचल, उत्तर हावडा, साउथ हावड़ा
मध्य उत्तर कोलकाता, उत्तर कोलकाता, टालीगंज लिलुआ, बाली-बेलूड़,
उत्तरपाड़ा, हिन्द मोटर, सिरड़ा।
आचार्य महाप्रज्ञ महाश्रमण एजुकेशन एण्ड रिसर्च फाउंडेशन
श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ महिला मंडल :
कोलकाता, उत्तर हावड़ा, साउथ हावड़ा, उत्तरपाड़ा,
हिन्दमोटर, रिसड़ा।
जैन कार्यवाहिनी एवं समस्त संस्थाएं।
आवास संपर्क - 09433331046
चतुर्मास प्रवास स्थल - महाश्रमण विहार - आचार्य महाप्रज्ञ महाश्रमण एजुकेशन एण्ड रिसर्च फाउंडेशन प्रांगण परिसर संख्या, 2219, प्लाट सं.IIIA/1, एक्शन एरिया- III, न्यूटाउन राजरहाट कोलकाता-700 156
फोन : 033-24862420, 8820172017 Email : info@kolkatachaturmas.com Website- www.kolkatachaturmas.com

नवाह्निक आध्यात्मिक अनुष्ठान

दुनिया में शक्ति का महत्त्व होता है। शक्तिहीन व्यक्ति अपने आप में रिक्तता अनुभव करता है। कभी-कभी शक्तिविहीन मनुष्य अपने आपको दयनीय और असहाय भी अनुभव करता है। सबसे बड़ी शक्ति आध्यात्मिक शक्ति होती है। अन्य शक्तियों का भी अपना-अपना महत्त्व होता है।

गुरुदेवश्री तुलसी और आचार्यश्री महाप्रज्ञ ने नवाह्निक आध्यात्मिक अनुष्ठान का एक नया उपक्रम प्रारंभ किया। आचार्यश्री महाश्रमण के निर्देशन में वह उसी रूप में विधिवत् चल रहा है। उसका उद्देश्य है–आत्मशुद्धि और ऊर्जा का विकास। उसकी कालावधि आश्विन शुक्ला प्रथमा से प्रारंभ कर निरंतर नौ दिनों की निर्धारित की गई है। चैत्र शुक्ला प्रथमा से प्रारंभ कर निरंतर नौ दिनों की कालावधि में भी इसकी आराधना की जा सकती है। संपूर्ण विधि एवं समय सारिणी इस प्रकार निश्चित की गई है–

प्रातः ९.३० से १०.००

'चंदेसु निम्मलयरा आइच्चेसु अहियं पयासयरा
सागरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु' – का पांच बार पाठ
चंदेसु निम्मलयरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु – का तेरह बार पाठ
आइच्चेसु अहियं पयासयरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु–का तेरह बार पाठ
सागरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु – का तेरह बार पाठ
आरोग्ग बोहिलाभं, समाहिवरमुत्तमं दिंतु – का तेरह बार पाठ
सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु – का इक्कीस बार पाठ
'चंदेसु निम्मलयरा, आइच्चेसु अहियं पयासयरा
सागरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु।' – का पांच बार पाठ

ॐ ह्रीं क्लीं क्ष्वीं

धम्मो मंगलमुक्किट्ठं, अहिंसा संजमो तवो।
देवा वि तं नमंसंति, जस्स धम्मे सया मणो ।।१ ।।
जहा दुमस्स पुप्फेसु, भमरो आवियई रसं।
न य पुप्फं किलामेइ, सो य पीणेइ अप्पयं ।।२ ।।
एमेए समणा मुत्ता, जे लोए संति साहुणो।
विहंगमा व पुप्फेसु, दाणभत्तेसणे रया ।।३ ।।
वयं च वित्तिं लब्भामो, न य कोई उवहम्मई।
अहागड़ेसु रीयंति, पुप्फेसु भमरा जहा ।।४ ।।
महुकारसमा बुद्धा, जे भवंति अणिस्सिया।
नाणापिंडरया दंता, तेण वुच्चंति साहुणो ।।५ ।।– का सात बार पाठ

प्रातः १०.०० से १०.३०–आध्यात्मिक प्रवचन
मध्याह्न २.३० से ३.१५ आगम पाठ का स्वाध्याय।

(दसवेआलियं, उत्तरज्झयणाणि आदि के मूल पाठ का स्पष्ट व शुद्ध उच्चारण एवं व्याख्या)

पश्चिम रात्रि—४.४५ से ५.३०

उवसग्गहरं पासं (उपसर्गहर स्तोत्र) आदि पांच श्लोक एवं 'ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमिऊण' का नौ बार पाठ। फिर 'विघनहरण' का जप।

उपसर्गहर स्तोत्र

उवसग्गहरं पासं, पासं वंदामि कम्मघणमुक्कं।
विसहर-विसनिन्नासं, मंगल-कल्लाण आवासं ।।१ ।।
विसहर-फुलिंग-मंतं, कंठे धारेइ जो सया मणुओ।
तस्स गह-रोग-मारी, दुट्ठ जरा जंति उवसामं ।।२ ।।
चिट्ठउ दूरे मंतो, तुज्झ पणामो वि बहुफलो होइ।
नरतिरिएसु वि जीवा, पावंति न दुक्ख-दोहग्गं ।।३ ।।
तुह सम्मत्ते लद्धे, चिन्तामणि-कप्पपायपब्भहिए।
पावंति अविग्घेणं, जीवा अयरामरं ठाणं ।।४ ।।
इह संथुओ महायस! भत्तिब्भर-निब्भरेण हियएण।
ता देव! दिज्ज बोहिं, भवे भवे पास जिणचंद ।।५ ।।

ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमिऊण पास
विसहर वसह जिण फुल्लिंग ह्रीं श्रीं नमः ।।

विघनहरण

विघनहरण मंगलकरण, स्वाम भिक्षु रो नाम।
गुण ओलख सुमिरण करै, सरै अचिंत्या काम ।।

जप और आगम-स्वाध्याय के साथ तप का योग भी आवश्यक माना गया है। तप में एकासन, आयंबिल, षड्विगय वर्जन, पंच विगय वर्जन और दस प्रत्याख्यान में से किसी एक तप की आराधना इस अवधि में की जाए। व्यक्तिगत इच्छा के अनुसार नौ दिनों तक एक ही तप अथवा वैकल्पिक तप की आराधना की जा सकती है।

निर्धारित कालावधि और करणीय क्रम को यथावत् रखते हुए स्थानीय सुविधानुसार समय में परिवर्तन भी किया जा सकता है। साधु-साध्वियों की भांति श्रावक-श्राविकाएं भी इसमें संभागी बन सकते हैं। संभागी श्रावक-श्राविकाओं के लिए निम्नांकित नियम भी अनुष्ठान काल में पालनीय हैं—

ब्रह्मचर्य का पालन, रात्रि भोजन-विरमण (चौविहार/तिविहार), जमीकंद का वर्जन।

अनुष्ठान का प्रारंभ प्रथम दिन प्रातः ९.३० से यानी प्रातःकालीन सत्र में किया जाए एवं अनुष्ठान का समापन रात्रि के ५.३० बजे यानी रात्रिकालीन सत्र में किया जाए।

विषय-प्रवेश

कोष्ठक विवरण

जय-तिथि-पत्रक का पहला कोष्ठक अंग्रेजी दिनांक का है और फिर वार का है। उसके बाद तिथि का कोष्ठक है। उसके आगे के दो कोष्ठक में क्रमशः इतने बजे व मिनट तक का संकेत है। छठा कोष्ठक नक्षत्र का है। सातवें व आठवें में नक्षत्र के कितने बजे व मिनट तक का सूचन है। नौवें व दसवें में क्रमशः सूर्योदय व सूर्यास्त कितने बजे होता है इसका निदर्शन है। सूर्योदय व सूर्यास्त लाडनूं को केन्द्र मानकर स्टेण्डर्ड टाइम में दिया गया है। ग्यारहवें कोष्ठक में प्रथम प्रहर कितने बजे आती है तथा बारहवें कोष्ठक में दिन का एक प्रहर कितने घंटे व मिनट का होता है, इसका दिग्दर्शन है। तेरहवें कोष्ठक में चन्द्रमा तथा चौदहवें कोष्ठक में विशेष विवरण के अंतर्गत योग तथा भद्राकाल है। ये भी बजे व मिनट के क्रम से हैं।

तिथि-पत्रक में बजे-मिनट रेलवे समय-सारिणी पद्धति से दिये गये हैं। मध्य रात्रि में १२ बजे से रेलवे समय सारिणी के अनुसार २४ बजे होता है, के बाद ०० समय से शुरू कर २४ बजे तक २४ घंटे मानते हुए चलता है। जैसे—चैत्र शुक्ला तृतीया २३/४४ बजे है। इसका तात्पर्य है—यह तिथि उस दिन २३ बजकर ४४ मिनट तक है। अर्थात् रात्रि में ११ बजकर ४४ मिनट तक है। चैत्र शुक्ला पंचमी १७/५१ बजे है। इसका अर्थ है यह तिथि उस दिन सायं ५ बजकर ५१ मिनट तक रहेगी। इसी तरह बैसाख कृष्णा चतुर्थी को अनुराधा नक्षत्र १३/४१ बजे है। अर्थात् उस दिन दोपहर १ बजकर ४१ मिनट तक है।

तिथि व नक्षत्र के बजे-मिनट बराबर में हैं। वे बजे, मिनट से स्पष्ट हैं। चंद्रमा के आगे संख्या ऊपर नीचे हैं। चंद्रमा के ऊपर वाली संख्या बजे व नीचे वाली मिनट है। जैसे—चैत्र शुक्ला त्रयोदशी को चंद्रमा कन्या राशि में $\frac{०६}{५२}$ अर्थात् प्रातः ६ बजकर ५२ मिनट पर कन्या राशि में प्रवेश करेगा। चंद्रमा के लिए इतना विशेष है कि उसका प्रवेश काल दिया है। विशेष विवरण स्पष्ट है। इसमें योग व अन्य के आगे संख्या बराबर में हैं।

तिथि, नक्षत्र आदि के साथ जहां शून्य (०) अंकित है, वह उस दिन 'पूरे दिन और पूरी रात' है अर्थात् वह तिथि या नक्षत्र उस दिन सूर्योदय से पूर्व शुरू हो गया और दूसरे दिन सूर्योदय होने के बाद तक रहा। वह समय अगले दिन की पंक्ति में है। जैसे—बैशाख कृष्णा प्रतिपदा को स्वाति नक्षत्र के आगे (०) अंकित है जिससे यह नक्षत्र पूरे दिन-रात है। ज्येष्ठ कृष्णा द्वितीया (प्रथम) के आगे (०) अंकित है अर्थात् यह तिथि पूरे दिन-रात है।

सूर्यास्त से लेकर सूर्योदय होने के ठीक पहले तक का समय ''रात्रि समय'' और उसके बाद ''दिवा समय'' होता है।

विशेष विवरण के कोष्ठक में प्रदत्त योगों के सांकेतिक अक्षरों में पूर्ण नाम इस प्रकार हैं :—

- र.—रवि योग (शुभ व कुयोगनाशक)
- अ.—अमृत सिद्धि योग (शुभ)
- राज.—राजयोग (शुभ)
- कु.—कुमार योग (शुभ)

- सि.—सिद्धि योग (शुभ)
- मृ.—मृत्यु योग (अशुभ)
- व्या.—व्याघात योग (अशुभ)
- वै.—वैधृति (अशुभ)
- व्य.—व्यतिपात योग (अशुभ)
- ज्वा.—ज्वालामुखी योग(अशुभ)
- पं.—पंचक (अशुभ) घास, लकड़ी एकत्र करने, घर की छत बनाने, दक्षिण यात्रा करने में वर्जित।
- भ.—भद्राकाल (शुभ-अशुभ दोनों)
- यम.—यमघंट योग (अशुभ)

नोट : शास्त्रीय मान्यता है कि मध्याह्न के पश्चात् अशुभ योगों का दोष नहीं रहता।

भद्रा-काल

श्रेष्ठ कार्यों में भद्रा-काल होना वर्जित है, किन्तु शास्त्रकारों ने भद्रा को शुभ भी माना है, जो इस प्रकार है—मेष, वृष, मिथुन और वृश्चिक के चंद्रमा में भद्रा का वास स्वर्ग में रहता है। यह भद्राकाल शुभ और ग्राह्य है।

कन्या, तुला, धनु और मकर के चन्द्रमा में भद्रा का वास नागलोक (पाताल) में रहता है। यह भद्राकाल भी लक्ष्मीदायक-धनदायक होने से शुभ है।

कुंभ, मीन, कर्क और सिंह के चंद्रमा में भद्रा का वास मृत्युलोक में होता है। यह अशुभ है, इसलिए शुभ कार्यों में सर्वथा वर्जनीय है।

भद्राकाल समय-विशेष के साथ शुभ भी बताया है।

शुक्ल पक्ष की भद्रा वृश्चिक संज्ञक और कृष्ण पक्ष की भद्रा सर्वसंज्ञक है। मतान्तर से रात्रि की भद्रा वृश्चिक संज्ञक और दिन की भद्रा सर्वसंज्ञक है। सर्वसंज्ञक भद्रा के मुख की पांच घटी (२ घंटा) और वृश्चिक संज्ञक भद्रा की पुच्छ की तीन घटी (१ घंटा १२ मि.) शुभ कार्य में त्याज्य है।

तिथि-पत्रक के विवरण पृष्ठों के बाद कोलकाता, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बैंगलोर व जोधपुर—इन छह शहरों के महीने की पहली व पन्द्रहवीं तारीख के सूर्योदय व सूर्यास्त का समय दिया गया है।

समय-सारिणी के बाद नक्षत्र के नाम का अक्षर और राशि की तालिका है। फिर राशि स्वामी एवं गुरु दर्शन के नक्षत्र हैं। फिर घातचक्र है। इसके बाद यात्रा में चंद्र विचार, योगिनी विचार चक्र, दिशाशूल विचार चक्र तथा काल-राहू विचार चक्र है। इनसे अगले पृष्ठ पर सुयोग-कुयोग चक्र है। अंतिम पृष्ठ पर पोरसी प्रमाण, राहुकाल, दिन एवं रात्रि के चौघड़िये हैं।

चौघड़िया-अवलोकन

दिन का चौघड़िया सूर्योदय से प्रारंभ होता है तथा रात्रि का चौघड़िया सूर्यास्त से प्रारंभ होता है। एक दिन में आठ चौघड़िये व रात्रि में आठ चौघड़िये होते हैं।

चौघड़िया का काल दिन-रात छोटे-बड़े होने के अनुसार न्यूनाधिक होता रहता है। प्रत्येक दिन के सूर्योदय से सूर्यास्त तक की समयावधि को आठ से विभाजित करने पर जो एक भाग प्राप्त होगा वह उस दिन में एक चौघड़िया का मान होगा, अर्थात् दिन की समयावधि का आठवां हिस्सा एक चौघड़िया होता है। इसी प्रकार सूर्यास्त से अगले सूर्योदय तक की समयावधि को आठ से विभाजित करने से प्राप्त होने वाला एक हिस्सा रात्रि के चौघड़िये का मान होता है। अर्थात् रात्रि की समयावधि का आठवां हिस्सा रात्रि का एक चौघड़िया होता है।

चौघड़िये में उद्वेग, काल और रोग—ये तीन अशुभ हैं। शेष तीन लाभ,

अमृत और शुभ–ये चौघड़िये श्रेष्ठ होते हैं। शुक्र के अर्थात् चल (चंचल) वेला के चौघड़िये को भी अच्छा मानते हैं। श्रेष्ठ चौघड़िये में सभी कार्य करने प्रशस्त हैं। अमृत का चौघड़िया सभी शुभ कार्यों में अत्युत्तम है।

इस तिथि-पत्रक में लाडनूं को केन्द्र मानकर सूर्योदय एवं सूर्यास्त दिया गया है। उससे पूर्व दिशा वाले स्थानों में प्रति तीस किलोमीटर पर एक-एक मिनट पहले सूर्योदय व सूर्यास्त होगा। उससे पश्चिम दिशा वाले स्थानों में प्रति तीस किलोमीटर पर एक-एक मिनट बाद में सूर्योदय व सूर्यास्त होगा। लाडनूं अक्षांश २७°-४०°, उत्तर पर है। रेखांश ७४°-२४° पूर्व है। अयनांश २३° १७'-१८' रेखांतर ३२ मिनट २० सैकिण्ड है। बेलान्तर+२ मिनट ३२ सैकिण्ड है। पलभा ६-१० है।

धार्मिक उपासना में पर्व तिथियों का अपना महत्त्व होता है। पक्खी आदि का प्रतिक्रमण तिथि के आधार पर करना पड़ता है। पहले इसे 'पक्खी' के नाम से संत तैयार करते थे। उसे हर सिंघाड़े (ग्रुप) को एक-एक दे दिया जाता था, बाद में 'लघु-पंचांग' के नाम से श्री हनूतमलजी सुराणा (चूरू) छपाने लग गये। परमाराध्य गुरुदेव व आचार्यवर की दृष्टि से पिछले कई वर्षों से इसका संपादन संतों द्वारा होने लगा। 'लघु पंचांग' के बाद 'जय पंचांग' के रूप में सामने आया। सन् १९८४ से इसका संपादन मेरे द्वारा होने लगा। वर्तमान में यह **'जय-तिथि-पत्रक'** के नाम से प्रकाशित हो रहा है।

९ नवम्बर २०१६ **मुनि सुमेरमल (लाडनूं)**
